कोसानगर कांजी हाउस का औचक निरीक्षण करने पहुंचे निगम आयुक्त

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई कोसा नगर क्षेत्र में शहरी कांजी हाउस का संचालन किया जा रहा है। जिसमें सड़को पर घूम रहे आवारा पशुधन को वहां पर रखा गया है। जिनके हरा चारा, पानी, चिकित्सा आदि की सुविधा निगम भिलाई एवं जिला प्रशासन द्वारा प्रदाय किया जा रहा है। वर्तमान में वहां पर सैकड़ो पशुधन है, आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय गायों को प्रदान किये जा रहे हरा चारा, पानी, चिकित्सा एवं उनके रखरखाव आदि को देखने के लिए सुबह 7:30 बजे कांजी हाउस पहुंचे। कांजी हाउस संचालित करने वाली एजेंसी के वर्करो से बात किये, सबको हितदायत दिये की पशुधन के हरा चारा, पानी एवं चिकित्सा में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। किसी प्रकार की शिकायत आने पर संबंधित के खिलाफ कड़ी कार्यवाही की जावेगी। इसके साथ ही वहां उत्पादित किये जा रहे खाद का भी निरीक्षण किये। निरीक्षण के दौरान वाहन शाखा डिपो में जाकर वाहनो का रखरखाव, वहां की स्थिति एवं सुविधाओ के बारे में जानकारी प्राप्त किये। जो भी वहां पर पुराने अनउपयोगी वाहन सामग्री इत्यादि पड़ी है, उसको नियमानुसार प्रक्रिया के तहत निलामी करने के निर्देश भी दिये। सुपेला आकाश गंगा थोक सब्जी मंडी सुलभ शौचालय आदि का निरीक्षण करते हुए जोन आयुक्त अजय सिंह राजपूत एवं स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली को आवश्यक सुझाव दिये। थोक व्यापारी समिति के अध्यक्ष एवं कार्यकर्ताओ से भी सफाई में सहयोग करने की बात कही। कि मंडी से निकलने वाले जितने भी कचरे है, उसको इधर–उधर सड़को पर न फेंककर नगर निगम की सफाई गाड़ी 11 बजे आती है उसी में कचरा एकत्र कर डालें एवं सबसे सहयोग हेतु अनुरोध भी किये। भ्रमण के दौरान जनसम्पर्क अधिकारी अजय कुमार शुक्ला, जोन स्वास्थ्य अधिकारी अंकित सक्सेना, जोन सुपरवाइजर कमलेश द्विवेदी आदि उपस्थित रहे।